सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-597
03/12/2017

मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया

पटना, 03 दिसम्बर 2017 :– आज देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 133वीं जयंती के अवसर पर राजेन्द्र चौक स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने देशरत्न के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित की। राजकीय समारोह में माल्यार्पण के उपरांत राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने महिला चरखा समिति की चरखा कात रही महिलाओं के बीच खादी का वस्त्र वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

राजेन्द्र चौक से महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट पहुँचकर देशरत्न की समाधि स्थल पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मेघालय के राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, गोवा के राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, पंचायती राज मंत्री श्री कपिलदेव कामत, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री सी0पी0 सिन्हा, पूर्व महापार्षद नागरिक परिषद श्री छोटू सिंह, पूर्व सदस्य बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्री शिव शंकर प्रसाद निषाद एवं अन्य ने भी प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को नमन किया एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन एवं गीत प्रस्तुत किये।

******